**सूरतगढ़, (निसं)।** यहां ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। प्रेम प्रसंग (अफेयर) से नाराज पिता ने अपनी 23 साल की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी पिता बेटी के ऊपर बैठ गया और जान निकलने तक गला दबाए रखा। घटना के बाद आरोपी पिता घर के पास बने बाड़े में बैठ गया।

पुलिस पहुंची तो पिता ने कहा- हां, मेरी बेटी है। मैंने इसकी हत्या की है। इसका अफेयर चल रहा था जो मुझे बर्दाश्त नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना रविवार सुबह 4 बजे की है। सूरतगढ़ के चक 1 केएसआर में गोमा खान (62) पुत्र शेर खान ने बेटी छीना बानो (23) का मर्डर कर दिया। पड़ोसियों की सूचना के बाद पुलिस सुबह 6 बजे मौके पर पहुंची तो युवती का शव चारपाई पर पड़ा था। वहीं, आरोपी गोमा खान घर के पास ही भेड़-बकरियों के बाड़े में बैठा था। पूछताछ में आरोपी ने गुनाह कबूल कर लिया। बेटी आरएएस परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

सूरतगढ़ सदर थानाधिकारी सुभाष बराला ने बताया कि आज सुबह 6 बजे कार्यवाहक थाना प्रभारी सोहन लाल को घटना की सूचना मिली थी। गांव की सरपंच के पति ओम प्रकाश ने बताया कि गोमा खान ने अपनी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी है। मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली गई। युवती के शव को सूरतगढ़ के राजकीय चिकित्सालय की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। आरोपी गोमा खान के घर के पास ही भेड़-बकरियों का बाड़ा है। बाड़े में परिवार का एक सदस्य सोता है। बीती रात को बेटे के बाड़े में आने के बाद गोमा खान घर आ गया। एक कमरे में उसकी पत्नी और एक बेटी सो रही थी। वहीं छीना बानो और दूसरी बेटी अलग-अलग कमरे में सो रही थीं। गोमा खान कमरे में सो रही छीना बानो के ऊपर बैठ गया और दम तोड़ने तक गला दबाए रखा। इस दौरान छीना बानो ने बचाव में हाथ-पैर चलाए। इससे उसके पैरों पर रगड़ के निशान पड़ गए। आवाज सुनकर मां बाहर आई तो उससे गोमा खान ने कहा कि अब क्यों आई है, मैंने तो इसका क्लेश काट दिया। छीना बानो आएएस परीक्षा की तैयारी कर रही थी। कोचिंग के लिए सूरतगढ़ शहर जाती थी। उसका एक साल से सरदारगढ़ के एक लड़के से अफेयर चल रहा था। इस रिश्ते के लिए दोनों ही परिवार राजी नहीं थे।

# श्रीमाधोपुर क्षेत्र में हुई बरसात


श्रीमाधोपुर में तेज बारिश के बाद सड़कों पर पानी की चादर भी देखने को मिली।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में रविवार सुबह से लगातार बारिश का दौर जारी है। अल सुबह से लगातार हो रही तेज बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। सड़कों पर पानी की चादर भी देखने को मिली। वहीं निचले इलाकों में पानी भर गया। लगातार सुबह से करीब 3 घंटे से तेज बारिश का दौर जारी रहा शाम करीब 6 बजे बाद फिर तेज बारिश शुरू हुई जो आधे घंटे में पानी पानी हो गया। आसमान में काली घटाएं बनी हुई थी। बारिश से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

# 10 पिस्टल व कारतूस सहित तीन गिरफ्तार

## तीनों आरोपी बाइक पर जा रहे थे तो पुलिस ने रोककर पूछताछ की

**अजमेर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिलेभर में अवैध हथियारों की तस्करी करने व खरीद फरोख्त करने वाले के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को अवैध दस पिस्टल व कारतूस सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी बाइक पर जा रहे थे, इसी दौरान संदिग्ध दिखने पर पुलिस ने बाइक को रोका तो आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार मिले। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए अवैध हथियारों की तस्करी करने व खरीद फरोख्त करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके मद्देनजर क्लॉक टावर थाने के कॉन्स्टेबल मुकेश सारण व जिला स्पेशल टीम के गजेन्द्र मीणा की सूचना पर पुलिस थाना रामगंज अजमेर का जाप्ता व जिला स्पेशल टीम अजमेर के जाप्ते को हमराह लेकर ट्रांसपोर्ट नगर के सामने ब्यावर रोड अजमेर पर ईत्तला अनुसार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को मय हीरो स्प्लेण्डर मोटरसाईकिल के रूकवाकर चैक किया तो उनके कब्जे से अवैध हथियारों का जखीरा (10 पीस्टल व एक कारतूस) को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया, जिस पर थाना रामगंज अजमेर पर प्रकरण आर्म्स एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान जारी हैं। मुल्जिमानों को न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड प्राप्त किया जाकर हथियारों की खरीद फरोख्त के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व बरामद पिस्तोल व कारतूस।

गिरफ्तार आरोपियों में कुचील निवासी अजहरूद्दीन उर्फ अज्जू पुत्र मुन्ना देशवाली, छणगो की ढाणी के पास, गांव कुचील निवासी मरदान पुत्र कमरू देशवाली तथा इनूक धोक सीकर हाल बजरंग कॉलोनी गांधी नगर किशनगढ़ निवासी जितेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र दयाल सिंह है। रामगंज थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हथियारों की खरीद फरोख्त के बारे में जानकारी लेगी। तीनों से पूछताछ की जा रही है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले टीम में आईपीएस अभिषेक अंदासु, रामगंज थाने के उपनिरीक्षक सुरजीत ठोलिया, कानि.मुकेश सारण, मुकेश टांडी, हेमन्त कुमार, राजेन्द्र चालक सहित जिला स्पेशल टीम के सदस्य सउनि जगमाल दाहिमा, रामबाबू शर्मा, शंकरसिंह रावत, हैड कानि. सीताराम व कानि. गजेन्द्र मीणा शामिल रहे।

## संक्षिप्त

### भाजपाई नड्डा की सभा में पहुंचे

**निवाई, (निसं)।** भाजपा के सैंकडों पदाधिकारी सोमवार को बीलवा में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा में पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेता अंकुर सालोदिया के नेतृत्व में भाजपा के अभिषेक भारती, राकेश शर्मा, प्रमेंद्र कवरिया, मनोज नामा, त्रिलोक मंडरावलिया, मनोज पाटनी, राकेश चवरिया, बाबूलाल कांवरिया, ललित शर्मा, राकेश खारोल, चुन्नीलाल हाथीवाल, मोहन सालोदिया, मुकेश सालोदिया, इरफान खान, अनीश कुरेशी, मोतीलाल व प्रहलाद सोनकरिया सहित सैंकडों कार्यकर्ता दो बसों में सवार होकर सभा में भाग लिया।

### शिक्षा के प्रति जागरूक किया

**दूदू, (निसं)।** कस्बे में देशवाली पंचायत सकल चौरासी राजस्थान की जयपुर व दौसा शाखा की बैठक कार्यामलय सभागार में आयोजित की गई। शाखा सदर सदाम हुसेन देशवाली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समाज में व्याप्त कुरितियों को दूर कर शिक्षा के प्रति जागरूक होने पर विचार विमर्श किया। इस दौरान सचिव अल्ताफ देशवाली सहित समाज के विभिन्न स्थानों से आये लोग मौजूद रहे।

### श्याम भक्तों का जत्था रवाना

**खैरथल, (निसं)।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को श्याम प्रेमियों का जत्था खाटू धाम के लिए रवाना हुआ। समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर खंडेलवाल ने बताया कि इस जत्थे में करीब 50 सदस्य कस्बे की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्याम बाबा के मंदिर से जयकारा लगाते हुए रवाना हुए दल में योगेश गर्ग, राहुल बंसल, कमल डाटा समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

### कृषि विभाग की टीमों ने संपर्क किया

**दूदू, (निसं)।** क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात के बाद फसलों में कीट का प्रकोप हो जाने पर कृषि विभाग की टीमों ने गांवों में किसानों से सम्पर्क कर दवा छिड़काव की जानकारी दी। पर्यवेक्षक कमलेश जांगिड़ दूदू, मीनू चौधरी नानण ने बताया कि दवाई पर विभाग द्वारा अनुदान भी दिया जा रहा है। साथ ही दवाई छिड़काव की विधि से अवगत कराया गया।

# सर्विस रोड पर हुए गड्ढों में बारिश का पानी भरा

**पावटा, (निसं)।** कस्बे की सर्विस लाइन की सड़कें जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो कर गहरे गड्ढों का रूप ले चुकी हैं। जिसमें बारिश का पानी भर गया है, मुख्य मार्गों पर कीचड़ ही कीचड़ फैल रहा है।

पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से पानी निकासी उतनी तेजी से नहीं हो पा रहा है। पानी भरने की वजह से अंडरपास के हालात भी तालाब जैसी हो गये हैं। कस्बे सहित आसपास के लोगों को निकलने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पानी भरे होने के कारण वाहन चालकों को गड्ढे की गहराई का पता नहीं चलता ऐसे में दोपहिया व चौपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं बडे वाहनों में भी रोड पर आए अचानक गड्ढे के कारण टूट फूट हो रही है। विभाग द्वारा इन रोड की मरमत नहीं की जा रही है। रोड पर हो रहे गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है। पावटा कस्बे में रविवार सुबह सर्विस लाइन की सड़क पर एक कार पलट गई। मिली जानकारी के मुताबिक कार पलटने का मुख्य कारण सड़क पर बारिश के कारण इकट्ठा हुआ पानी है। सड़क पर पानी का तालाब बनने के कारण, सड़क में हुए गड्ढे का पता नहीं चल पाता है, जिसके कारण यह हादसा हो गया। गनीमत रही की हादसे में कार सवार सुरक्षित हैं। हालांकि कार सवार युवकों को मामूली चोटें आई हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य भेजा गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। लेकिन हादसे में कार काफी ज्यादा क्षतिग्रस्त हुई है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी यहां पर इस तरह के हादसे सामने आ चुके हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और एनएचए आई विभाग से इस समस्या के समाधान की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में इस तरह का हादसा न हो।



पावटा कस्बे की सर्विस लाइन की सड़कों में जगह-जगह हुए गड्ढों में बारिश का पानी भरने से वाहन चालक परेशान।

- गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, कार पलटी

### विधायक ने सड़कों का शिलान्यास किया

**पावटा, (निसं)।** क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने 1 करोड़ 57 लाख की राशि से बनने वाली सड़कों चिमनपुरा रघुनाथपुरा रोड से साईवाड सडक तक, बाडीजोडी से वाया डाकिया की ढाणी, बरडा की ढाणी होते हुए अजीतगढ रोड तक सडक निर्माण कार्य का फीता काट कर शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक इंद्राज गुर्जर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए इंद्राज गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में सड़कों का अहम योगदान है। अच्छी सडकें ही गांवों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ती हैं। साढे चार साल पहले विराटनगर विधानसभा विकास कार्यो मे पिछडी हुई थी लेकिन आज की स्थिति में विकास कार्यो में विराटनगर विधानसभा अग्रिम पंक्ति में है। इस मौके पर सरपंच विक्रम नारनौलिया, सरपंच रामचंद्र यादव, सरपंच रामफूल पोसवाल, सरपंच अनिल त्रिवेदी, पूर्व सरपंच सुभाष शर्मा, भामाशाह मुरारी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### कार्यकारिणी को शपथ दिलाई




**मालपुरा, (निसं)।** आदिनाथ धर्मशाला सभागार में रविवार को रोटरी क्लब मालपुरा सिटी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवीन सत्र के अध्यक्ष के रूप में डॉ. अंकित कुमार जैन व सचिव डॉ. राजाराम शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी के साथ शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में रोटरी 3056 डिस्ट्रीक गर्वनर डॉ. निर्मल कुर्णावत,असिस्टेन्ट गर्वनर एसएल विधानी,डिस्ट्रीक सुखाडिया ने कार्यकारिणी को शपथ दिलाने के साथ ही मौजूद क्लब परिवार व प्रबुद्धजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रोटरी शब्द ही सेवा व समर्पण का पर्याय है। रोटरी परिवार के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी एडवोकेट रवि कुमार जैन ने 40 वर्षों से रोटरी परिवार द्वारा मालपुरा में चलाये जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों से अवगत करवा नवीन अध्यक्ष के कार्यकाल में समाज सेवा के नये प्रकल्प शुरू कर रोटरी चिकित्सालय को भी नई उंचाईयां देने का विश्वास जताया। इस दौरान वरिष्ठ रोटरी रामबाबू व्यास,डॉ. राकेश जैन,एचएस पारीक,राजकुमार गुप्ता,अजीत सिंघी,सियाराम शर्मा,रमेश पारीक,आदि मौजूद रहै। तो एडवाकेट पीयूष जैन,पवन कुमार सोनी,अनिस जैन व केदार गुप्ता ने नवीन सदस्य के रूप मे शपथ ली। कपिलकांत पाठक व डॉ. राजकुमार गुप्ता ने सफल मंच संचालन किया।

### रंग मल्हार कार्यक्रम आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर परिसर में अंतरराष्ट्रीय रंगमल्हार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय 28 चित्रकारों ने चाय की केतली पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। अक्सर आपने चित्रकारों को कैनवास या पेपर पर चित्र बनाते हुए देखा होगा, लेकिन साल में एक ऐसा भी दिन होता है, जब चित्रकार कैनवास या पेपर पर चित्र नहीं बनाते है। चित्रकार इस दिन एक ऐसा मीडियम चुनते हैं, जो यूनीक होने के साथ सोशल मैसेज देने में कारगर साबित होता है। प्रदेशभर के सीनियर और यंग आर्टिस्ट सालभर में एक दिन के लिए रंग मल्हार उत्सव सेलिब्रेट करते हैं, इसके जरिए कलाकार एक अलग माध्यम पर चित्र बनाकर भगवान से प्रदेश में सुखद बारिश और शांति की कामना करते हैं। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने चाय की केतली पर चित्र बनाएं। कार्यक्रम प्रभारी राउमावि के व्याख्याता यादवेंद्र भार्गव ने बताया कि उत्सव में 31 कलाकारों का रजिस्ट्रेशन किया गया था लेकिन आज मौसम खराब होने की वजह से कुल 28 कलाकारों ने ही भाग लिया। इस बार सभी कलाकारों को केतली उपलब्ध करवाई गई जिस पर कलाकारों ने चित्रकारी की। पिछले साल झंडे पर कलाकारों ने चित्र बनाए थे।

### रमेश का भारतीय सूचना सेवा में चयन

**दौसा, (निसं)।** जिले के लालसोट नगर पालिका क्षेत्र के जमात निवासी रमेश दास स्वामी पुत्र लक्ष्मण दास स्वामी का चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में हुआ है। स्वामी ने ओबीसी वर्ग में प्रथम रैंक और जनरल में 11वीं रैक प्राप्त की है। भारतीय सूचना सेवा में चयन होने वाले स्वामी लालसोट क्षेत्र के प्रथम व्यक्ति हैं। स्वामी वर्तमान में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कोटा संभाग स्तरीय कार्यालय की मीडिया इकाई केंद्रीय संचार ब्यूरो में कार्यरत है। भारतीय सुचना सेवा में चयनित स्वामी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा जमात एवं ज्योति माध्यमिक विद्यालय लालसोट से की है। उच्च शिक्षा में राजस्थान विश्वविद्यालय से एम.ए.राजनीति विज्ञान विषय में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और भारत और श्रीलंका विषय पर एमफिल की उपाधि प्राप्त की और वर्तमान में राजस्थान विश्विद्यालय से पीएचडी कर रहे है।

### शिविर में 75 यूनिट रक्त संग्रहण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे की कयाल धर्मशाला में विनायक महिला विकास समिति के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सुबह से ही युवाओं ने रक्तदान करने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रातः 9 बजे से शुरू हुए रक्तदान शिविर में श्याम 5 बजे तक 75 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ।संस्था के कार्यकारी निदेशक राजकुमार कुमावत ने बताया कि फ्रीडम ब्लड बैंक जयपुर की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया । प्रत्येक रक्तदाता को नगर पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत व संस्था के कार्यकारी निदेशक राजकुमार कुमावत के हाथों से आकर्षक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।रक्तदान शिविर में सहयोग करने वाले भामाशाह उनका भी संस्था द्वारा सम्मान किया गया ।इस दौरान संस्था के कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सैनी,सतीश प्रजापत ,श्याम लाल यादव आदि ने सेवाएं दी।

### नोटिफिकेशन की आज्ञा नहीं देने का अनुरोध

**सांभरझील, (निसं)।** ग्राम पंचायत दूदू को जिला घोषित करने के बाद सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी करने की सुगबुगाहट के मद्देनजर राजस्व विभाग के पूर्व लिपिक शैलेश माथुर ने तमाम तथ्यों के साथ राजस्थान के राज्यपाल को एक याचिका पेश कर नोटिफिकेशन जारी करने की आज्ञा नहीं देने, जिला बनाओ कमेटी के अध्यक्ष जीएस संधु व रामलुभाया की सिफारिशों का गहराई से अध्ययन करने, उप जिला सांभर की बजाय ग्राम पंचायत दूदू को जिला घोषित करने के मामले में सरकार की और से पब्लिक नोटिस जारी कर आम जनता से आपत्तियां आमंत्रित करने, दूदू में नियुक्त विशेषाधिकारी आईएएस अर्तिका शुक्ला से तथ्यात्मक रिपोर्ट व ग्राउंड रिपोर्ट संकलित कर उसका अध्ययन करने के बाद ही क्षेत्रवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार को डयरेक्शन प्रदान करने का अनुरोध किया है।

## श्रीमद् भागवत अमृत कथा का आज समापन

- कई प्रमुख संतों का होगा समागम, विशाल भंडारे का भी होगा आयोजन
- विशाल भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर चल रही श्रीमद् भागवत अमृत कथा के समापन की पूर्व संध्या के दौरान भागवत कथा का वाचन करते हुए आचार्य रामचंद्र दास महाराज ने कहा कि कथा एक भाव है कथा में आने पर भगवान की प्राप्ति सहज रूप से हो जाती है। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता हमारे सनातन धर्म के सभी ग्रंथ पुराणों का सार है। कहां की भागवत कथा के श्रवण मात्र से इंसान को मुक्ति मिल जाने के साथ उसके दुख दरिद्र को दूर करने में सहायता मिलती है।

सोमवार को श्रीमद्भागवत के समापन के दौरान दोपहर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात विशाल भंडारे में प्रसादी वितरण की जाएगी। कथा के छठे दिवस में श्री मदनमोहन दास महाराज पर्णकुटी ने आचार्य व साधु संतों का स्वागत व सत्कार किया। कथा में सतीश शर्मा, पूर्व पार्षद महेश शर्मा, जतीन शर्मा नदबई भरतपुर व अजय गुप्ता राहुल कौशिक दीपक शर्मा हाथरस उत्तरप्रदेश ने पहुँचकर आचार्य श्री रामचन्द्र दास महाराज का साफा व माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

रविवार को बारिश के बाद कथा स्थल पर पांडाल में नए तरीके से बैरिकेटिंग व्यवस्था बारिश के कारण बैठक व्यवस्था में परिवर्तन के लिए समस्त बैरिकेटिक हो या फिर पांडाल में सफाई का कार्य कार्यक्रम आयोजक एवं स्काउट गाइड के सचिव श्रीकांत के नेतृत्व में स्काउट गाइड पूरी मुस्तैदी से भीड़ प्रबंधन की तमाम व्यवस्थाओं को सभालते नजर आए।

कथा में चेयरमैन रक्षा मिश्रा, पीसीसी सदस्य कमल मीना,पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्रा,दीपक पुरोहित, डॉ जयसिंह मीना मोहन सोनी श्याम सुंदर शर्मा एडवोकेट, रामबिलाश खेमावास अमित शर्मा शिवशंकर जोशी सुनील चतुर्वेदी दीपक चौधरी दीपक पुरोहित संजय उपाध्याय राकेश बिहारी डॉ भरत अशोक चौधरी शेखर जमात घनश्याम फड़कल्या सोनू बिनोरी,सुभाष भिवाल राकेश जोशी रामजीलाल गाँधी सत्यनारायण पट्टया राधेश्याम जमात,अर्जुन मालिया, जगदीश मीना सोनन्दा कपिल पुरोहित शंकर डिडवाना आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# लोक परिवहन बस पर हमला करने वाले गिरफ्तार



लोक परिवहन बस पर हमला करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**देवली, (निसं)।** शहर के इमानुएल मिशन स्कूल के बाहर देवली जयपुर रोड पर 3 दिन पहले 13 जुलाई की शाम को दो युवकों ने लोक परिवहन बस पर तलवारों से हमला किया था। इस घटना से लोगों में दहशत पैदा हो गई थी आरोपी युवकों द्वारा दहशतगर्दी फैलाने के लिए बस के कांच फोड़ दिए थे। इसके बाद युवक मौके से फरार हो गए इस मामले में पुलिस ने 3 दिन बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले पर थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि आरोपी शैतान मीणा पुत्र शंकर लाल मीणा निवासी कुराडिया व फोरू उर्फ फोरीलाल पुत्र सूरजमल मीणा निवासी कुराडिया थाना जहाजपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को नेगड़िया पुलिया पर नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया था। इनके पास से एक हीरो हौंडा स्प्लेंडर प्लस बिना नंबरी बाइक व तलवार भी बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी अपने भांजे के जन्मदिन पर केक कटवाने के लिए तलवार लेकर जा रहे थे। इस बीच बस चालक के साथ दोनों आरोपियों की कहासुनी हो गई थी ।इस पर आरोपी युवकों ने लोक परिवहन बस पर तलवार से हमला कर दिया था। उक्त दौरान की घटना में एक दो यात्रियों को हल्की चोटें भी आई थी।

## बारिश से नवनिर्मित सड़क उखड़ी

- लोगों ने लगाया घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप, पेचवर्क कार्य को रूकवाया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के कुंडला क्षेत्र में हाल ही में बनी रोड बारिश में उखड़ रही है और जगह - जगह गड्ढे हो रहे हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया है और पेचवर्क कार्य रुकवा दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि कुंडला क्षेत्र की लाइफ लाइन कही जाने वाली विराटनगर-चिलपली सड़क मार्ग का हाल ही में निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। इस निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।

इसके चलते क्षेत्र में हुई बारिश से सडक उखड चुकी है। ऐसे में यहां आए दिन सडक हादसे हो रहे हैं। साथ ही, वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। नाराज लोगों ने एकत्रित होकर पेचवर्क कार्य को रुकवा दिया और जिम्मेदार अधिकारियों से फोन पर बात कर दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में संतोष मोदी पूर्व सरपंच, तेजपाल खारवाल, सीताराम सैनी, शंकर यादव, भीम राम प्रजापत, अर्जुन सराधना, गजराज सिंह शेखावत सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गौ सेवा कर जन्मदिन मनाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** गौशाला समिति अध्यक्ष सुरेश वशिष्ट ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष व कार्यकारी सदस्य परमानंद सोनी ने अपने जन्मदिन पर गौशाला में हरा चारा डालकर गोस्वामी का आयोजन किया। वशिष्ट ने बताया कि पूर्व में एक गौ माता की मृत्यु हो जाने पर उनकी स्मृति स्थल (चबूतरा) बनवाया गया था जिस पर बालाजी, वीर हनुमान जी व गौमाता की मूर्ति स्थापना की गई ।

वशिष्ठ ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य ने करीब डेढ़ लाख रुपए से मंदिर बनाया गया है। गौमाता के लिए हरा चारा डालकर गोस्वामणी का भी आयोजन किया गया । जल बचाओ पेड़ लगाओ जीवन बचाओ समिति श्रीमाधोपुर के उपाध्यक्ष ताराचंद मीणा ने बताया कि श्री कृष्ण गौशाला श्रीमाधोपुर के परिसर में समिति अध्यक्ष परमानंद सोनी के द्वारा अपने जन्मदिन पर सायं 4:15 बजे गौमाता की मूर्ति एवं वीर हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना के साथ ही परिसर में वृक्षारोपण किया जिसमें अधिकतर वृक्ष फलदार थे ।मीणा ने बताया कि समिति के सभी पदाधिकारियों समय पर पहुंचकर अध्यक्ष परमानंद सोनी के साथ मिलकर गायों को हरा चारा डालकर व गौशाला परिसर में करीब 41 फलदार व छायादार पेड़ लगाकर परिसर में ही बने बालाजी मंदिर वीर हनुमान मूर्ति व गौ माता की मूर्ति की स्थापना पर सभी ने एक साथ रहकर किया । इस अवसर पर गौशाला समिति के ललित चौधरी ,दिनेश कसेरा, विशंभर मऊवाला ,डॉक्टर ललित गुप्ता, डॉक्टर माधव सिंह, सागर मल हलवाई, साधुराम सैनी, बजरंग प्रजापत ,ललित सैनी, समिति के राजू बागवान, एड. राम अवतार सैनी, नवरत्न सोनी, रामजी लाल शर्मा, एडवोकेट राजेंद्र कुमार शर्मा ,रेंवत सिंह शेखावत, तनसुख कुमावत, घासीराम सैनी, आरपी जांगिड़, रामअवतार वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।



परमानंद सोनी ने अपने जन्मदिन पर गौशाला में गौ सेवा की।

# 'हार को जीत में बदलने के लिए मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा करनी पड़ेगी'

- कांग्रेस पीसीसी उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी ने मालपुरा को जिला बनाने की खुलकर की पैरवी

**मालपुरा, (निसं)।** पीसीसी उपाध्यक्ष बनने के बाद रविवार को पहली बार मालपुरा पहुंचे पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नवमनोनीत पीसीसी उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी के स्वागत अभिनन्दन को लेकर महेश सेवा सदन में कांग्रेसजनो की ओर से चौधरी का गमजोशी से स्वागत किया गया।

डिग्गी कल्याण जी महाराज के निज मंदिर में पूजा अर्चना कर मालपुरा अभिनन्दन समारोह में पहुंचे रामबिलास चौधरी ने मौजूद कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि, विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित कार्यकारिणी सहित जिला व ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में सभी पहलुओं को मध्य नजर रखते हुए नियुक्तियां की गई है। यूथ व बूथ को मजबूत कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार दोबारा रिपिट करने के लिए आपसी मनमुटाव व छोटी-छोटी नाराजगियों को भूल एक मंच पर आकर मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा में 30 सालों से हार का मुंह देख रही कांग्रेस को इस बार जीत का सहरा पहनाने के लिए जुट जाये। मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर एसडीएम आवास के सामने चल रहे धरना स्थल पर पहुंचे रामबिलास चौधरी के समक्ष मौजूद सैंकडों लोगों ने एक स्वर में कहा कि जो भी कांग्रेस नेता व पदाधिकारी मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा करवायेगा उसी के साथ मालपुरा विधानसभा की जनता तन मन व धन से साथ लग कर जीत का सहरा कांग्रेस को पहनाने के लिए तैयार है।

जनमानस की आवाज व मांग पर पीसीसी उपाध्यक्ष चौधरी ने मालपुरावासियों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि केकडी व दूदू जैसी ग्राम पंचायत को जिला बनाया जा सकता है तो मालपुरा को क्यो नहीं। रियासत काल में जिला बनने के मापदण्ड पूरे करने वाले मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा नहीं होने के पीछे यदि कोई कारण रहा है तो वो जनप्रतिनिधियों की सक्रियता का अभाव रहा है। चौधरी ने कहा कि मालपुरा विधानसभा सीट जो कि कांग्रेस की परम्परागत सीट रही है। लेकिन किन्ही कारणों से 30 साल से मालपुरा विधानसभा से कांग्रेस की हार हो रही है। हार को जीत में बदलने तथा परम्परागत सीट पर पुनः कांग्रेस का झण्डा लहराने के लिए मुख्यमंत्री को मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा करनी ही होगी। इसके लिए जल्द पीसीसी के माध्यम से केबिनेट के जरिए मुख्यमंत्री के समक्ष मालपुरावासियों की मांग व इनके अधिकारों सहित जिला बनने के सभी मापदण्डों के दस्तावेज रख घोषणा करवाने के प्रयास का विश्वास दिलाया।

डिग्गी में पीसीसी उपाध्यक्ष चौधरी सहित नवमनोनीत पीसीसी सचिव अर्चना सुराणा का आमजन व कांग्रेसजनों ने जोरदार स्वागत कर जमकर नारेबाजी की। मालपुरा में ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम चौधरी, शहर अध्यक्ष इस्हाक नकवी, मरगूब अहमद, किशन फगोडिया, कैलाश सोनी, मुंशी खां, कन्हैयालाल सैनी, एडवोकेट हमीद, अतिक, पूर्व प्रधान रामदेव गुर्जर, मूलशंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेसजनों ने चौधरी का गर्मजोशी से स्वागत कर जगह-जगह स्वागत द्वार बना 36 कोम की 36 राजस्थानी पगडियां पहनाई गई।




मालपुरा में पीसीसी उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी व सचिव अर्चना सुराणा का कांग्रेसजनों ने अभिनन्दन किया।

# कन्या महाविद्यालय में लाइब्रेरी एवं रिक्त पदों भरने की मांग

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय के राजकीय कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं ने उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र यादव से मुलाकात कर कॉलेज में छात्राओं के लिए लाइब्रेरी एवं रिक्त पड़े असिस्टेंट प्रोफेसर प्रोफेसर आदि के पदों को भरने की मांग की गई।

राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा में अध्ययनरत छात्राओं के एक डेलिगेशन ने उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव से मुलाकात कर नवसृजित राजकीय कन्या महाविद्यालय में रिक्त पड़े विषय व्याख्याताओं असिस्टेंट प्रोफेसर व प्रोफेसर आदि के पदों को रिक्त होने की जानकारी दी गई।

- उच्च शिक्षा मंत्री ने समाधान का दिया आश्वासन

राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने उच्च शिक्षा मंत्री यादव को अवगत कराते हुए बताया कि अगर महाविद्यालय में रिक्त पडे विषयों के पद पर अध्यापकों को नियुक्त नहीं किया जाएगा तो इस कॉलेज के उपखंड मुख्यालय पर बनाने से छात्राओं को कोई लाभ नहीं मिल पाएगा। छात्राओं ने उच्च शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि कन्या महाविद्यालय में लाइब्रेरी भी नहीं है ऐसे में लाइब्रेरी का होना आवश्यक है ताकि छात्राएं अध्ययन का पूरा लाभ ले सके। छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि कॉलेज में छात्राओं के अध्ययन संबंधित फर्नीचर आदि कई ऐसी सुविधाएं हैं जो अब तक यहां उपलब्ध नहीं हो पाई है उसे भी शीघ्र छात्रों की शैक्षिणक सुविधा के लिए उपलब्ध कराया जाए। छात्रों के डेलिगेशन को उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर दिया जाएगा।



राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न समस्याओं से उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव को अवगत कराया।

